### एक नजर में

## मृत व्यक्तियों के परिजनों को दी गई सहायता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकार योजना 2022 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजन को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।**

खरगापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ग्राम गौरा जिला निवासी स्वर्गीय परमी सौर पति बुटटू सौर, उम्र 70 वर्ष का 23 मार्च 2024 को किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई थी। थाना बल्देवगढ़ के आधार पर ग्राम धजरई जिला निवासी स्वर्गीय राधेश्याम लोधी उम्र 60 वर्ष की 13 नवम्बर 2023 को किसी अज्ञात वाहन से घटना स्थल मवई जतारा आम रोड पगारा मंदिर के पास ग्राम छीपोन में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। घटना की रिपोर्ट थाना बल्देवगढ़ में दर्ज की गई थी। इसी प्रकार थाना कोतवाली के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम ग्राम गुदनवारा निवासी सियारानी सोलंकी उम्र 70 वर्ष की 9 अप्रैल 2024 को किसी अज्ञात वाहन से घटना स्थल सागर रोड गुदनवारा में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उल्लेखनीय है कि शासन की हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकार योजना 2022 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है।


# लापरवाही बरतने के मामले में दो सरपंचों को नोटिस जारी

**जतारा जनपद ने जिला सीईओ को भेजा प्रस्ताव**


**ग्राम पंचायत पंचमपुरा एवं दरगाय कलां की लापरवाही**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। टीकमगढ़ जिले की जनपद पंचायत जतारा में दो ग्राम पंचायतों के सरपंचों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत पंचमपुरा की सरपंच श्रीमती कमलेश केवट और ग्राम पंचायत दरगाय कलां की सरपंच श्रीमती कल्लूबाई आदिवासी के विरुद्ध मप्र पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजा है।**

जारी नोटिस के अनुसार दोनों ग्राम पंचायतों के आश्रित गांवों में वर्ष 2025-26 के तहत सांसद निधि योजना से मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। पंचमपुरा के आश्रित गांव पनवारी और दरगाय कलां के आश्रित गांव कोड़िया में यह निर्माण होना था। दोनों कार्यों के लिए तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी। निर्माण कार्य की कुल स्वीकृत राशि 2 लाख 38 हजार 106 रुपये बताई गई है, जिसमें सांसद निधि से 2 लाख 7 हजार 638 रुपये और मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपये प्रस्तावित थे। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सांसद निधि की प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित भी कर दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। इसे पंचायत कार्यों में लापरवाही मानते हुए जनपद पंचायत जतारा ने दोनों सरपंचों के खिलाफ धारा 40 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की है। जनपद पंचायत द्वारा भेजी गई प्रतिलिपि संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी सूचनार्थ भेजी गई है। जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत पंचमपुरा में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सांसद निधि योजना से मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। इस कार्य की तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 477 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 तथा प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 4995 दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी। निर्माण कार्य की कुल स्वीकृत राशि 2 लाख 38 हजार 106 रुपये बताई गई है।



कार्यालय जनपद पंचायत जतारा जिला टीकमगढ़ (म०प्र०)



कार्यालय जनपद पंचायत जतारा जिला टीकमगढ़ (म०प्र०)

पत्र में उल्लेख किया गया है कि सांसद निधि से प्रस्तावित राशि 2 लाख 7 हजार 638 रुपये तथा मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपये निर्धारित किए गए थे। साथ ही सांसद निधि की प्रथम किस्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायत पंचमपुरा को हस्तांतरित भी की जा चुकी थी।

इसके बावजूद सरपंच द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कहा है कि इससे स्पष्ट होता है कि ग्राम पंचायत के विकास, निर्माण एवं दायित्वों के निर्वहन में सरपंच की रुचि नहीं है। वहीं दूसरी ग्राम पंचायत दरगायकला की सरपंच श्रीमती कल्लूबाई आदिवासी के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत जतारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र भेजा गया है। पत्र के अनुसार ग्राम कोड़िया, जो ग्राम पंचायत दरगायकला का आश्रित गांव है, वहां वर्ष 2025-26 में सांसद निधि योजना के अंतर्गत मुक्तिधाम निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 471 दिनांक 14 अक्टूबर 2025 तथा प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 4995 दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को जारी की गई थी।

**ग्राम पंचायत में हो रहीं तरह-तरह की चर्चाएं**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जतारा ने पूरे मामले का प्रतिवेदन जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजते हुए सरपंच श्रीमती कमलेश केवट के खिलाफ धारा 40 के तहत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। इस कार्रवाई की सूचना ग्राम पंचायत पंचमपुरा को भी भेज दी गई है। मामले के सामने आने के बाद पंचायत क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और अब जिला पंचायत स्तर पर आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। इसके बावजूद सरपंच द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए यह कार्यवाही की है।

**दरगाय कलां सरपंच की उदासीनता**

नोटिस में बताया गया कि दरगाय कलां में दस्तावेज में उल्लेख है कि इस राशि में सांसद निधि से 2 लाख 7 हजार 638 रुपए तथा मनरेगा योजना से 30 हजार 468 रुपए प्रस्तावित किए गए थे। साथ ही सांसद निधि की प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायत दरगायकला को हस्तांतरित भी की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक मुक्तिधाम निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया। जनपद पंचायत ने इसे सरपंच की लापरवाही और विकास कार्यों के प्रति उदासीनता माना है। पत्र में कहा गया है कि सरपंच द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत सुविधा प्रभावित हो रही है।

## पारिवारिक विवाद का मामला आया सामने



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रेम विवाह के बाद पारिवारिक विवाद का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नवविवाहिता और उसके परिवार ने लड़के पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता वंदना यादव, निवासी बहादुरपुरा ने बताया कि उन्होंने कारी निवासी हिमांशु तिवारी से ओरछा में प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही परिवार में विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि लड़के पक्ष के लोग नवविवाहिता पर पति के बजाय उसके बड़े भाई यानी जेठ के साथ रहने का दबाव बना रहे थे, जिसके चलते लगातार विवाद की स्थिति बनी रही।**

पीड़िता के अनुसार घरेलू लड़ाई-झगड़े और गाली-गलौज से परेशान होकर पति-पत्नी पिछले 10 महीनों से भोपाल में रह रहे थे। आरोप है कि करीब 5 महीने पहले हितेश तिवारी और हर्षल तिवारी भोपाल पहुंचे और वहां भी विवाद, गाली-गलौज और धमकी जैसी हरकतें कीं। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने परिवार की इज्जत और रिश्तों को बचाने के लिए लंबे समय तक कोई पुलिस कार्रवाई नहीं कराई, लेकिन कुछ दिन पहले जब वे अपने गांव कारी लौटना चाह रहे थे तब रास्ते में फोन पर जान से मारने की धमकी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। पीड़ितों ने देहात थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से मुलाकात कर पूरे मामले की शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने थाना प्रभारी को तत्काल संज्ञान लेने और परिवार टूटने से बचाने के लिए दोनों पक्षों के बीच पारिवारिक समझौता कराने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में पहुंचे जनप्रतिनिधि



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य निर्वाचन शैलेन्द्र सिंह, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।**

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये एक जनवरी के संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान नगरीय निकायों एवं पंचायतों की निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन, दावा, आपत्ति तथा संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के प्रथम चरण अंतर्गत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन नामावली की प्रतियां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। बैठक में जानकारी दी गई कि फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 का द्वितीय चरण प्रारंभ किया गया है। द्वितीय चरण के अंतर्गत 15 मई से 25 मई तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्राधिकृत अधिकारी दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे, इस अवधि में मतदाता नवीन नाम जोड़ने, संशोधन करने तथा स्थानांतरण करने के लिये अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करें।

## कल रोजगार मेला का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड में 21 मई को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रभारी प्रशासक ने सफाई का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों और सफाई अभियान का निरीक्षण किया।**

उन्होंने अमृत 2 महेंद्र सागर तालाब और लंका रोड पर चल रहे पेचिंग कार्य का जायजा लिया। इसके अलावा वार्ड 21 की बड़ी मजार पर लगाए गए पेवर्स और वार्ड 5 में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बन रही सीसी रोड का भी निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ठेकेदारों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय



समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। टीम ने वार्ड 12 में टचिंग ग्राउंड की ओर बनाई जा रही सीसी रोड का भी अवलोकन किया ।नगर में नाली सफाई अभियान भी चलाया गया। अवस्थी चौराहे से मुकेश लॉज तक करीब 200 मीटर नाली की सफाई कराई गई। वार्ड 15, शनि कॉलोनी और कटरा बाजार क्षेत्र में भी नालियों की सफाई और कचरा उठाने का काम किया गया ।मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सेल सागर चौराहे से डॉ. खान की गली तक कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया।

## ब्लड देकर बचाई महिला की जान

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। जिला चिकित्सालय में भर्ती गंभीर एनीमिक गर्भवती महिला को सिविल सर्जन, डीपीएम एवं अस्पताल प्रबंधक द्वारा सूचना देने पर एक युवक ने सफलतापूर्वक महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन बीटी देकर उसकी जान बचाई गई।**

जिला चिकित्सालय में भर्ती एक महिला जिसका गर्भकाल 8 माह का था, में केवल 5 ग्राम एचबी पाया गया। इलाज के दौरान यह महिला अपने ग्राम वापस चली गई। इसकी सूचना ग्राम की आशा कार्यकर्ता आशा कुशवाहा द्वारा डीसीएम प्रबल त्रिपाठी को दी गई तथा बताया गया कि यह महिला दिल्ली में थी, जो कुछ दिनों पहले ही ग्राम में आई है ।संबंधित महिला से वापस जाने का कारण पूछा गया तो उसके द्वारा बताया गया कि उसके साथ परिवार का कोई सदस्य जिला चिकित्सालय में मौजूद नहीं था।

# शराब से भरा चार पहिया बेकाबू वाहन पलटा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पठारी गांव के पास शराब से भरा एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गया। वाहन सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, जिससे 11 केवी हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया और तार जमीन पर गिर गए। हादसे के वक्त वाहन में सवार चालक समेत तीन लोग सुरक्षित बच गए।**

पिकअप की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंभा बीच से टूट गया और हाईटेंशन लाइन के तार सड़क पर आ गिरे। सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, समय रहते बिजली कटने से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा तार की चपेट में आने से जनहानि हो सकती थी ।दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन जतारा से उपरारा स्थित शासकीय शराब दुकान के लिए शराब लेकर जा रहा था। वाहन



पलटने से उसमें लदी शराब की पेटियां और बोतलें सड़क पर बिखर गईं। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद चंदेरा थाना पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया ।घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि लोग टूटे हुए तारों और वाहन के करीब न जाएं। शराब दुकान के संचालक भी मौके पर पहुंच चुके हैं।

चंदेरा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शराब से भरा एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गया। वाहन सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया, जिससे 11 केवी हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया और तार जमीन पर गिर गए। हादसे के वक्त वाहन में सवार चालक समेत तीन लोग सुरक्षित बच गए।

# बिजली लाइन तोड़ते हुए निकला भूसा का पिकअप वाहन

**भूसा का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा**

**ग्राम करमौरा की विद्युत तारों को पहुंचाई क्षति**

**नवभारत न्यूज, जतारा। इन दिनों भूसा का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। आरोप है कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के भूसा व्यापारी ग्रामीण क्षेत्रों से महंगे दामों पर भूसा खरीदकर जिले से बाहर एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में परिवहन कर रहे हैं। वहीं जिले की कई गौशालाओं में भूसे की कमी के चलते मवेशी भूख-प्यास से परेशान हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि लगभग 9.30 बजे भूसे से भरी एक ओवरलोड पिकअप वाहन खरगापुर रोड से जतारा की ओर जा रही थी। इसी दौरान करमौरा बस स्टैंड पर**





**वाहन ऊपर से निकली बिजली लाइन को तोड़ते हुए आगे बढ़ने लगा। दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने वाहन को रोक लिया, जिसके बाद भूसा व्यापारी द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को ठीक कराया गया।**

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने जब वाहन चालक से भूसे के स्रोत एवं गंतव्य के संबंध में जानकारी पूछी तो चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पूछताछ बढ़ती देख चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कलेक्टर के आदेशों के बावजूद जिले में अवैध भूसा कारोबार लगातार जारी है। प्रतिदिन कई वाहन दो थाना एवं चौकी क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है ।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले से हो रहे अवैध भूसा परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा गौशालाओं के लिए पर्याप्त भूसा उपलब्ध कराया जाए। इन दिनों भूसा का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। आरोप है कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के भूसा व्यापारी ग्रामीण क्षेत्रों से महंगे दामों पर भूसा खरीदकर जिले से बाहर एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में परिवहन कर रहे हैं। वहीं जिले की कई गौशालाओं में भूसे की कमी के चलते मवेशी भूख-प्यास से परेशान हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि लगभग 9.30 बजे भूसे से भरी एक ओवरलोड पिकअप वाहन खरगापुर रोड से जतारा की ओर जा रही थी। इसी दौरान करमौरा बस स्टैंड पर वाहन ऊपर से निकली बिजली लाइन को तोड़ते हुए आगे बढ़ने लगा। दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने वाहन को रोक लिया, जिसके बाद भूसा व्यापारी द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को ठीक कराया गया।

**प्रकोप** | **दिनभर शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा**

# इस सीजन का सबसे ज्यादा गर्मी भरा दिन रहा मंगलवार

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। दिन के साथ रातें भी गर्म बनी हुई हैं।**

मंगलवार सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाएं चल रही हैं। दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया था, जिसके दोपहर 2 बजे तक 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों तक गर्मी का यह तीखा रुख बना रहेगा। वर्तमान में आर्द्रता 17 प्रतिशत है ।भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री था। रविवार को यह क्रमश: 43.2



डिग्री और 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और गुरुवार को 42 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान जताया है ।भीषण गर्मी के कारण दोपहर में एसी और कूलर भी प्रभावी साबित नहीं हो पा रहे हैं। सोमवार रात करीब 8 बजे तक गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे दिन के साथ रात में भी लोगों को असहज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है ।तेज गर्मी के चलते सरकारी विभागों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। नगर पालिका ने दो दिन के अंतराल से पानी की आपूर्ति शुरू की है, जिससे भीषण गर्मी के इस दौर में नागरिकों को जल संकट का सामना भी करना पड़ रहा है ।भीषण गर्मी का असर लगातार देखने को मिला। सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगीं और दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 2 बजे तक तापमान 44 डिग्री के पार जाने की संभावना जताई गई है।

रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं हवा में नमी की मात्रा केवल 17 प्रतिशत रहने से गर्मी का असर और अधिक बढ़ गया। दिनभर चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

दोपहर के समय शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा नजर आया। जरूरी काम से बाहर निकले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर चलते दिखाई दिए। ठंडे पेय पदार्थ, गन्ने का रस, शिकंजी और पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही।

**कुछ दिनों तक लू चलने के आसार**

डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी और लू का असर बना रह सकता है।

## शिक्षित बेरोजगारों की होगी काउंसलिंग

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शिक्षित वेरोजगार आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराई जाती है।**

इस हेतु जिला के हाईस्कूल, हायरसेकेण्डरी विद्यालयों, तकनीकि शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं युवासंगम अंतर्गत रोजगार मेलों में जाकर काउंसलिंग कार्य किया जाना है। इस हेतु सत्र 2026-27 हेतु कार्यालय को अनुभवी गेस्ट मनोवैज्ञानिक व विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इसमें आवश्यकतानुसार काउंसिलिंग कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा। विषय विशेषज्ञ हेतु डिग्री डिप्लोमा साथ ही एडमीशन, प्रतियोगी परीक्षाओं या स्वरोजगार के क्षेत्र में अनुभव हो। कॅरियर काउन्सलिंग मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी।

## जतारा में पूर्व सरपंच ने दिखाई मानवता





**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा तहसील में मंगलवार को एक 60 वर्षीय वृद्ध की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार वृद्ध किसी पेशी के सिलसिले में तहसील कार्यालय आया हुआ था। इसी दौरान तहसील परिसर स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बैठे-बैठे उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और वह अचेत होकर गिर पड़ा।**

मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना तहसीलदार को दी, जिसके बाद तहसीलदार द्वारा वृद्ध को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा भिजवाया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।बताया जा रहा है कि मृतक के साथ मौके पर कोई परिजन मौजूद नहीं था। जैसे ही घटना की जानकारी पूर्व सरपंच सलीम खान को मिली, वह तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया। बाद में शव वाहन की सहायता से मृतक के शव को ग्राम पंचायत पाली पहुंचवाया गया। घटना के बाद तहसील परिसर एवं अस्पताल में शोक का माहौल बना रहा।